INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT- 4 **Set-2**
HINDI

CLASS: VII
DATE: 29.01.14

MAX MARKS: 25
TIME: 45 Minutes

सामान्य निर्देश ः

1 सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

2 प्रत्येक उत्तर का क्रमांक अवश्य लिखें ।

प्रश्न 1 नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

जुम्मन शेख और अलगू चौधरी में गहरी मित्रता थी। जुम्मन के पास विद्या थी तो अलगू के पास धन था। दोनों अपने-अपने कारणों से सबके आदर के पात्र थे। जुम्मन शेख और उसकी पत्नी करीमन ने अपनी बूढ़ी मौसी की ज़मीन -ज़ायदाद अपने नाम करवाने तक तो उनकी खूब सेवा की किंतु उसके बाद उन्हें रोटी भी ढंग से नहीं दी। खाला ने पंचायत बुलाकर अलगू को अपना पंच चुना। अलगू ने न्याय के सिंहासन पर बैठ निष्पक्ष न्याय करते हुए जुम्मन के विरुद्ध निर्णय दिया। दोनों की मित्रता शत्रुता में बदल गई। एक दूसरे झगड़े में जुम्मन को भी अलगू से बदला लेने का अवसर मिल गया किंतु न्याय के सिंहासन पर बैठ जुम्मन को पता चला कि न्याय के सिंहासन पर बैठने के बाद व्यक्ति आपसी प्रेम और द्वेष से ऊपर उठ जाता है और इश्वरस्वरूप बन जाता है। जुम्मन ने भी अलगू से बैर भुलकर न्याय के पक्ष में निर्णय सुनाया। अलगू ने निर्णय सुनकर 'पंच परमेश्वर की जय' की आवाज़ लगाई । दोनों मित्र गले लगे और जुम्मन ने अलगू से अपने पुराने व्यवहार के लिए क्षमा माँगी।

i) जुम्मन की पत्नी का क्या नाम था ?

ii) अलगू को अपना पंच किसने चुना ?

iii) जुम्मन ने अलगू से क्षमा क्यों माँगी ?

iv) ' मित्र'शब्द का विलोम लिखिए।

v) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्द के दो अनेकार्थक शब्द लिखिए । [1]

घन

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के भेद लिखिए । [1]

(क) पिताजी सो रहे हैं।

(ख) अध्यापिका ने बच्चों को पाठ पढ़ाया।

प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए । [1]

महिला , निदेशक

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुदध कीजिए। [1]

अनपड़ , ग्रहस्थ

प्रश्न 6 रेखांकित पदों में कारक - भेद लिखिए । [1]

(क) लड़का सीढी से गिर गया ।

(ख) दशरथ के पुत्र राम थे ।

प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण के भेद लिखिए । [1]

(क) कुछ हिरण पानी पी रहे हैं।

(ख) उस लड़के को पुरस्कार मिला।

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । [2]

साँझ , आज़ादी

प्रश्न 9 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । [2]

ढोटा ,आजु , अपेक्षा , मेधावी

प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । [2]

(क) स्मारक (ख) पत्रिका

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(क) ग्वालिन ने कृष्ण की शिकायत किससे और क्यों की ? [2]

(ख) नेहरु जी अपने देश के बच्चों को क्या सिखाना चाहते हैं ? [2]

(ग) कमला जी ने नीरा का प्रयोग किस पर किया ? [2]

(घ) कृष्ण गाय चराने वन में क्यों जाना चाहते हैं [2]

..................................समाप्त...